न्यायालय भू प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा

आज्ञा – पत्र

स्व.किशनी बाई 1/1 धर्मेन्द्र बनाम स्व. बद्रीलाल 1/1 मंगलेश किस्म मुकदमा –223

रेस्टो0 प्रार्थना पत्र अपील संख्या – 2024/36

अभिभाषक अपीलांट – श्री जीमल अहमद अंसारी अभि0 रेस्पो0 – श्री जितेन्द्र सिंह

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर या तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
06.01.2025	पत्रावली पेश हुई। अभिभाषकगण उभयपक्ष उपस्थित। रेस्पोंडेंट क्रम 1/1 व 1/2 द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र 151 सीपीसी बाबत् मा0 राजस्व मण्डल न्यायालय अजमेर में अपील जैरकार होने के कारण अपील को इस स्तर पर निरस्त किये जाने पेश किया। अभिभाषक उभयपक्ष की बहस सुनी गयी। हमने अभिभाषक अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं इस अपील का अवलोकन किया गया। अभिभाषक अपीलांट द्वारा अन्तर्गत धारा आदेश 41 नियम 21 के तहत् प्रार्थना पत्र इस न्यायालय के प्रकरण संख्या 93/2017 निर्णय दिनांक 27.02.2017 के विरूद्ध रेस्टोर कर सुनवाई का समुचित अवसर दिये जाने हेतु पेश किया गया है। रेस्पोडेंट क्रम 1/1 व 1/2 द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना 151 सीपीसी जिसकी प्रतिलिपि अभिभाषक अपीलांट को भी दी गयी है। इस प्रार्थना पत्र के अनुसार इस न्यायालय के निर्णय दिनांक 27.02.2016 की अपील मा0 राजस्व मण्डल अजमेर के समक्ष होना जाहिर होता है। इस बाबत् प्रार्थना पत्र के साथ संबंधित अपील जो राजस्व मण्डल में जैरकार है उसकी प्रतिलिपि भी सलंग्न है। अभिभाषक अपीलांट द्वारा भी इस अपील का कोई खण्डन नहीं किया है। ऐसे में इस न्यायालय के अंतिम निर्णय की अपील रेस्पोडेंट द्वारा राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर में अपील संख्या– अपील डिकी/टी.एक्ट/बारां/1664/2017 प्रस्तुत की हुई है तथा जिसमें आगामी तारीख पेशी दिनांक 24.01.2025 नियत है। अतः इस न्यायालय के अंतिम निर्णय की अपील अपीलीय न्यायालय में विचाराधीन रहते हुए इस न्यायालय को उक्त प्रार्थना पत्र पर सुनवाई का श्रवणाधिकार व क्षेत्राधिकार प्राप्त नही होने के कारण इस प्रार्थना पत्र को इसी स्तर पर खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो। (दीप्ति रामचन्द्र मीना) भू–प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा	

न्यायालय भू–प्रबंध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा।

प्रार्थना पत्र संख्याः /2024

1. स्वर्गीय किशनी बाई जरिये कायम मुकाम– धर्मेन्द्र मीणा निवासी ग्राम सैमला तहसील लक्ष्मणगढ, जिला अलवर। **डाक का पताः–** सैक्टर 3 मकान नं. 8 मालवीय नगर, जयपुर।

——— प्रार्थी।

बनाम

1. स्वर्गीय बद्रीलाल जरिये कायम मुकाम– जगदीश मीना (मृतक)

1/1 मंगलेश – पत्नी
1/2 खेमराज – पुत्र
1/3 गिरिराज – पुत्र
1/4 अन्तिमा – पुत्री
1/5 मधुबाला – पुत्री
1/6 लक्ष्मी – पुत्री
1/7 शशि – पुत्री

समस्त जाति मीना निवासी निमडीपाडा वार्ड नं0 09 कस्बा अन्ता, तहसील अन्ता, जिला बारां।

2. मोहन मीना (मृतक)

2/1 प्रेम बाई – पत्नी
2/2 ब्रजबाला – पुत्री
2/3 महावीर – पुत्र
2/4 प्रभात – पुत्री
2/5 शकुन्तला -- पुत्री
2/6 चन्द्र प्रकाश – पुत्र

समस्त जाति मीना निवासी निमडीपाडा वार्ड नम्बर 09 कस्बा अन्ता, तहसील अन्ता, जिला बारां।

3. स्वर्गीय जगन्नाथी बाई पुत्री रामकंवरी बाई जरिये कायम मुकाम– छीतर लाल (मृतक)

Dharmendra Meena

3/1 शांती बाई – पत्नी
3/2 बद्रीलाल – पुत्र
3/3 गायत्री बाई – पुत्री
3/4 चन्द्रेश मीणा – पुत्री
3/5 मिथलेश – पुत्री
3/6 सुगना बाई – पुत्री
3/7 सरोज मीणा – पुत्री

समस्त जाती मीणा, निवासी ग्राम थामली तहसील बारां, जिला बारां।

––––– अप्रार्थीगण।

4. चितरंजन मीना पुत्र श्री डालू राम मीना निवासी– सैक्टर 3 मकान नम्बर 8 मालवीय नगर, जयपुर।

5. निधि मीना पुत्री श्री डालू राम मीना निवासी– सैक्टर 3 मकान नम्बर 8 मालवीय नगर, जयपुर।

–––––– प्रर्फोमा अप्रार्थी।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत ~~धारा~~ आदेश 41 नियम 21 सहपठित धारा 151 सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 बाबत एक तरफा कार्यवाही बउनवानी बद्रीलाल बनाम किशनीबाई प्रथम अपील संख्या 93/2017 में पारित निर्णय दिनांक 27.02.2017 को रेस्टोर फरमाते हुए सुनवाई का समुचित अवसर दिये जाने हेतु।

श्रीमान जी,

प्रार्थी/रेस्पोडेन्ट संख्या 1/2 की ओर से प्रार्थना पत्र सेवा में निम्न प्रकार से सविनय प्रस्तुत है:–

1. यह कि अप्रार्थीगण द्वारा प्रथम अपील में 45 वर्ष के लम्बे विलम्ब को कन्डोन करवा के माननीय न्यायालय हाजा से सही तथ्य छिपाते हुए

Dharmendra Meena